Civil Services (Main) Examination, 2024

वियोज्य *DETACHABLE*

# प्रबन्धन (प्रश्न-पत्र I)

# MANAGEMENT (Paper I)

| निर्धारित समय : तीन घण्टे<br>*Time Allowed : Three Hours* | अधिकतम अंक : 250<br>*Maximum Marks : 250* |
|---|---|

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिये नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए ।

अपने उत्तरों के समर्थन में, यदि आवश्यक समझें, उपयुक्त आँकड़ा देकर इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख करें ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दें ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1.(a) हेनरी मिन्ट्ज़वर्ग के द्वारा प्रस्तावित भूमिकाओं की तीन श्रेणियों को स्पष्ट कीजिये जिन्हें एक प्रबंधक को निष्पादित करना होता है ।

Elucidate the three categories of roles which a manager has to perform as suggested by Henry Mintzberg. 10

1.(b) संगठनात्मक परिवर्तन के प्रतिरोध के प्रमुख स्रोत कौन-कौन से हैं ? किन्हीं दो स्रोतों का चयन कीजिये और ऐसे प्रतिरोधों को वश में करने के तरीकों को रेखांकित कीजिये । एक ओडी हस्तक्षेप के रूप में, भूमिका परक्रामण की प्रभावपूर्णता पर टिप्पणी कीजिये ।

What are the main sources of resistance to organisational change ? Select any two sources and outline the ways of overcoming such resistance. Comment upon the effectiveness of role negotiation as an OD intervention. 10

1.(c) कार्य आवर्तन और कार्य संवर्धन जैसी प्रथाऐं किस प्रकार कर्मचारी अभिप्रेरणा को बढ़ाने में सहायक होती हैं ? संगठनों को अपने कर्मचारियों के लिए बाह्य अभिप्रेरणा की तुलना में अंतर्भूत अभिप्रेरणा को बढ़ाना क्यों अधिक मुश्किल लगता है ?

How do practices like job rotation and job enrichment aid in the raising of employee motivation ? Why do organisations find it more difficult to enhance intrinsic motivation than extrinsic motivation for their employees ? 10

1.(d) किसी कार्य के लिये नियत किये गये चयन मानदंड किस प्रकार अभिपुष्ट किये जाते हैं ? संगठन किस प्रकार भविष्यसूचक पुष्टता और समवर्ती पुष्टता उपायों को प्रयुक्त करते हैं ?

How are selection criteria identified for a given job validated ? How do organisations apply predictive validity and concurrent validity measures ? 10

1.(e) सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) से पोषित उभरते कार्य वातावरण, अत्यंत गतिशील बाहरी व्यावसायिक वातावरण और बदलती कार्मिकदल अपेक्षाओं के परिदृश्य में, मानव संसाधन प्रबंधन की भावी चुनौतियां क्या हैं ? इन्हें उल्लिखित कीजिये और इन चुनौतियों का प्रबंध करने के तरीकों हेतु सुझाव दीजिए ।

In the emerging scenario of IT enabled work environment, highly dynamic external business environment and changing workforce expectations, what are the future challenges for human resource management ? Specify and suggest ways of managing these challenges. 10

2. (a) अपने संगठन को वांछित उत्कृष्टता तक ले जाने के लिये एक प्रबंधक जिन विभिन्न नियंत्रण तंत्रों का प्रयोग कर सकता है उनकी विवेचना कीजिये । नियंत्रण के प्रतिरोध पर काबू पाने के तरीकों का सुझाव दीजिये ।

Discuss the various types of "Control Mechanisms" a manager can apply in order to take his organization to desired excellence. Suggest ways to overcome resistance to control. 20

2. (b) 'आधुनिक कार्यजीवन में तनाव न केवल अपरिहार्य है, यह संगठनों में मानव प्रगति के लिये आवश्यक भी है ।' इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । कार्यात्मक कार्य तनाव के स्तरों के बीच, कर्मचारी व्यवहार और निष्पादन पर उनके असर के संदर्भ में, अंतर स्पष्ट कीजिये ।

"Not only is stress inevitable in modern work life, it is also necessary for human progress in organisations". Critically examine this statement. Distinguish between the levels of functional work stress in terms of their effect on employee behaviour and performance. 15

2. (c) सफल अंतर्राष्ट्रीय मानव संसाधन प्रबंधन के लिये आवश्यक तत्त्व किस प्रकार घरेलू संगठन के लिये आवश्यक तत्त्वों से भिन्न हैं ? अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा बहुसांस्कृतिक टीमों के प्रबंध की चुनौती किस प्रकार व्यवस्थित की जानी चाहिए ।

How do the requisites for successful international human resource management differ from those in case of a domestic organisation ? How should the challenge of managing multicultural teams be managed in international organisations ? 15

3. (a) संगठन संरचना और अभिकल्पना के प्रमुख निर्धारकों की विवेचना कीजिये । संक्षेप में समझाते हुए कि संगठन अभिकल्पना के विकल्प कर्मचारी भागीदारी को प्रभावित करते हैं, उभरती संगठनात्मक अभिकल्पनाओं की शैलियों में से, आभासी संगठन अभिकल्पना तथा ज्ञानार्जन उन्मुख संगठन अभिकल्पना के प्रारूपों पर टिप्पणी लिखिए ।

Discuss the key determinants of organisational structure and design. Among the emerging organisational design trends, comment upon the virtual organisation design and learning organisation design formats, briefly explaining the influence of organisational design choices on employee involvement. 20

3. (b) "प्रबंधन के क्षेत्र में हेनरी फेयॉल के योगदान बहुत विशिष्ट और अत्यंत सराहनीय हैं ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिये और फेयॉल के 14 सिद्धांतों को समझाइये ।

"Henri Fayol's contributions to the field of management are very distinctive and are highly appreciated". Analyze the statement and explain the 14 principles of Fayol. 15

**3.** (c) प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन, किसी संगठन के प्रशिक्षण एवं विकास प्रणाली की योजना का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है । किसी सरकारी संस्थान के लिये, जो डिजीटल रूपांतरण से गुजर रहा है, प्रशिक्षण आवश्यकता आकलन की किन विधाओं का प्रयोग किया जा सकता है । एक बार प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन हो जाने पर आप जिन निर्देशात्मक रणनीतियों की अनुशंसा करेंगे, उनका वर्णन कीजिये ।

Training need assessment is one of the most important aspects of planning the training and development system for any organisation. What are the approaches that can be applied for training need assessment in case of a government organisation that is undergoing digital transformation ? Describe the instructional strategies that you would recommend once the training needs have been assessed. 15

**4.** (a) संगठनात्मक संस्कृति और निष्पादन मापदंडों के विकल्पों जैसे परिवर्तनशील कारक, किस प्रकार किसी निष्पादन प्रबंधन प्रणाली की अभिकल्पना और कामकाज को प्रभावित करते हैं ? अपने कार्यशाला कर्मचारियों और उत्पादन प्रबंधक के निष्पादन प्रबंधन को प्रभावी रूप से चलाने के लिये आपको किस प्रकार की निष्पादन जानकारियों की आवश्यकता होगी ? इन दो स्थितियों में सूचना जरूरतें भिन्न क्यों होंगी, इस पर आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिये ।

How do variables like organisational culture and choice of performance criteria affect the design and functioning of a performance management system ? What are the types of performance information you would require to effectively carry out performance management for your shop floor workers and your production manager ? Critically comment on why the information requirement differs for the two situations. 20

**4.** (b) आज के संगठनों में शक्ति के कौन से आधार, बलजन्य या अनुनयात्मक, अधिक प्रभावी सिद्ध हुए हैं और क्यों ? उचित उदाहरणों की सहायता से अपने उत्तर को समर्थित कीजिये । संगठनों में सशक्तिकरण के द्वारा शक्ति का गुणन करने की वांछनीयता पर आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिये ।

In the present day organisations, which bases of power, coercive or persuasive, have proved to be more effective and why ? Support your answer by taking suitable examples. Comment critically upon the desirability of multiplying power in organisations through empowerment. 15

**4.** (c) उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं की कंपनी के लिये एक वैश्विक व्यवसाय प्रबंधक को वैश्विक व्यापार वातावरण का प्रबंधन करने और सफलतापूर्वक वांछित लाभों को पाने के लिये प्रतिकूल-सांस्कृतिक वर्गीकरण के किन घटकों को संज्ञान में लेना चाहिये ?

What are the factors of cross-cultural classification a global business manager of a consumer durables company should consider for managing in global environment and being successful to achieve desired profits ? 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

**5.** (a) लाभप्रदता पर विक्रय मात्रा, विक्रय मूल्य और लागत के प्रभाव का आकलन करने के लिये, लागत-मात्रा-लाभ (सीवीपी) विश्लेषण का प्रयोग किस प्रकार किया जा सकता है ?

How can Cost-Volume-Profit (CVP) analysis be used to assess the effect of changes in sales volume, sales price and costs on profitability. 10

**5.** (b) GAAP में पूर्ण प्रकटीकरण के सिद्धांत की महत्ता क्या है ? यह किस प्रकार वित्तीय विवरण के प्रस्तुतीकरण को प्रभावित करता है ?

What is the significance of the full disclosure principle in GAAP ? How does it impact financial statement presentation ? 10

**5.** (c) 'कुल नकदी प्रवाह' और 'वृद्धिमान नकदी प्रवाह' में अंतर स्पष्ट कीजिये । वृद्धिमान नकदी प्रवाह की कमियाँ क्या हैं ? साथ ही नकदी प्रवाहों में विफल लागत और विनिष्ति उपरिव्यय के प्रतिपादन को समझाइये ।

Distinguish between 'Total Cash Flow' and 'Incremental Cash Flow.' What are the limitations of Incremental Cash Flow ? Also explain the treatment of sunk cost and allocated overheads in cash flows. 10

**5.** (d) "समसामयिक विपणन में समग्र विपणन एक बहुत सफल रणनीति है" । इस कथन का मूल्यांकन कीजिये । समग्र विपणन के विभिन्न आयामों की विवेचना कीजिये ।

"Holistic Marketing is a very successful strategy in contemporary marketing". Evaluate the statement. Discuss the different dimensions of Holistic Marketing. 10

**5.** (e) एक त्वरित विक्रय उत्पाद कंपनी (एफ.एम.सी.जी. कंपनी) के विपणन जनरल प्रबंधक के रूप में आपको एक नये विपणन क्षेत्र के लिये विपणन योजना वनानी है । इस नये क्षेत्र के लिये विपणन योजना के विभिन्न घटक क्या-क्या होंगे जिन पर आप कंपनी के लिए योजना बनाएंगे ।

As the GM-Marketing of an FMCG company you have to make a 'Marketing Plan' for a new marketing territory. What shall be the various components of marketing plan which you will make for your company in respect of this new territory ? 10

**6.** (a) एक कंपनी का कच्चा लागतपत्र निम्नलिखित आंकड़े दे रहा है :

| लागत प्रति इकाई | ₹ |
|---|---|
| कच्चा माल | 52·00 |
| प्रत्यक्ष श्रम | 19·50 |
| उपरिव्यय | 39·00 |
| कुल लागत | 110·50 |
| लाभ | 19·50 |
| विक्रय मूल्य | 130·00 |

निम्नलिखित अतिरिक्त जानकारी भी उपलब्ध है :

| | | |
|---|---|---|
| स्टॉक में औसत कच्चा माल | : | 1 माह |
| देनदारों को अनुमत क्रेडिट | : | 2 माह |
| मजदूरी भुगतान में समय अंतराल | : | डेढ़ सप्ताह |
| उपरिव्यय | : | एक माह |

एक चौथाई विक्रय नकद आधार पर है और अपेक्षित नकदी संतुलन ₹1,20,000 है।

70,000 इकाइयों के उत्पादन को वित्त देने के लिये, आवश्यक कार्यशील पूंजी को दिखाने वाला आपको एक विवरण बनाना है। आप यह मान सकते हैं कि उत्पादन सम रूप से साल भर हो रहा है और मजदूरी एवं उपरिव्यय भी समान रूप से प्राप्त हो रहे हैं।

A proforma cost sheet of a company provides the following data :

| *Cost per unit* | ₹ |
|---|---|
| Raw material | 52·00 |
| Direct Labour | 19·50 |
| Overheads | 39·00 |
| Total Cost | 110·50 |
| Profit | 19·50 |
| Selling Price | 130·00 |

The following is the additional information available :

| | | |
|---|---|---|
| Average raw material in stock | : | one month |
| Credit allowed to debtors | : | two months |
| Time lag in payment of wages | : | one and a half weeks |
| Overheads | : | one month |

One fourth of the sales are on cash basis.

Cash Balance is expected to be ₹1,20,000.

You are required to prepare a statement showing the working capital needed to finance a level of activity of 70,000 units of output. You may assume that production is carried on evenly, throughout the year and wages and overheads accrue similarly. 20

6. (b) मानक लागत निर्धारण क्या है ? प्रबंध लेखांकन में इसका प्रयोग किस प्रकार होता है ? एक कंपनी किस प्रकार नियंत्रणीय और अनियंत्रणीय विचरणों में अंतर कर सकती है और इस अंतर के आधार पर कौन सी रणनीतिक कार्यवाहियां की जा सकती हैं।

What is standard costing ? How is it used in management accounting ? How can a company differentiate between controllable and uncontrollable variances and what strategic actions can be taken based on this distinction ? 15

6. (c) "भली प्रकार विभेदित उत्पाद, एक महत्त्वपूर्ण प्रतिस्पर्धात्मक लाभ की सृष्टि कर सकते हैं, और अपने लिये एक विशिष्ट आभा की भी ।"

इस कथन का विश्लेषण कीजिये और उन विभिन्न गुणों की विवेचना कीजिये जिन के आधार पर उत्पादों को सफलतापूर्वक विभेदित किया जा सकता है ।

"Well differentiated products create a significant competitive advantage and a distinctive aura for themselves."

Analyse the statement and discuss the various attributes on the basis of which products can be successfully differentiated. 15

7. (a) सुंदर लिमिटेड एक विस्तार कार्यक्रम की योजना बना रही है जिसमें 30 करोड़ रुपये लगेंगे और जिसका वित्तपोषण निम्नलिखित तीन विकल्पों में से किसी एक के द्वारा किया जा सकता है :

1. ₹100 प्रति शेयर का सम मूल्य पर निर्गमन करना
2. 15% पर ऋण लेना, और
3. 12% पर अधिमान शेयरों का निर्गमन करना

वर्तमान प्रदत्त पूंजी 60 करोड़ रुपये हैं और इसकी वार्षिक ई.बी.आई.टी. 12 करोड़ रुपये है । कर की दर 30% मानी जा सकती है । विस्तार योजना के अपनाए जाने के बाद, अपेक्षित ई.बी.आई.टी. 15 करोड़ रुपये होगी । सभी तीनों वित्तपोषण विकल्पों के लिये ई.पी.एस. का परिकलन कीजिये, यह बताते हुए कि कौन सा विकल्प शेयरधारकों को अधिकतम प्रत्याय (रिटर्न) देगा । इक्विटी शेयर पूंजी और ऋण द्वारा वित्तपोषण (उपर्युक्त विकल्प 1 एवं विकल्प 2) विकल्पों के बीच उदासीनता बिंदु का भी निर्धारण कीजिये ।

Sunder Ltd. is planning an expansion programme which will require ₹30 crores and can be funded through one of the three following options :

1. Issue equity shares of ₹100 each at par
2. Raise a 15% loan, and
3. Issue 12% preference shares

The present paid up capital is ₹60 crores and the annual EBIT is ₹12 crores. The tax rate may be taken at 30%. After the expansion plan is adopted, the EBIT is expected to be ₹15 crores. Calculate the EPS under all the three financing options indicating the alternative giving the highest return to the equity shareholders. Also determine the indifference point between the equity share capital and the debt financing (i.e. option 1 and option 2 above) 20

7. (b) सी.ए.पी.एम. के संदर्भ में बीटा का क्या अर्थ है ? समझाइये कि यह कैसे सुव्यवस्थित जोखिम का मापन करता है। परिसम्पत्ति मूल्य निर्धारण हेतु बीटा मूल्यों एवं उनके निहितार्थों की विवेचना कीजिए।

What is beta in the context of the CAPM ? Explain how it measures systematic risk. Discuss the beta values and their implications for asset pricing. 10

7. (c) हल्के मोटर वाहनों (एल.एम.वी) से संबंधित एक कंपनी के विपणन प्रबंधक को किसी बाजार का प्रभावी खंडीकरण करने के किन प्रमुख मानदंडों का संज्ञान लेना चाहिये ?

जनसांख्यिकीय खंडीकरण के चरों की विवेचना कीजिये। अपने उत्तर के समर्थन में उदाहरण दीजिये।

What are the key criteria the marketing manager of a company dealing in light motor vehicle (LMV) category should consider for effectively segmenting a market ?

Discuss the variables under the demographic segmentation. Give examples to support your answer. 20

8. (a) ए.बी.सी. लिमिटेड के निदेशक विविधता लाना चाहते हैं। वर्तमान में ए.बी.सी. लिमिटेड अपने गोदामों से तैयार माल का विक्रय करती है। ए.बी.सी. लिमिटेड ने 07.04.2022 को डिबेंचरों का निर्गमन किया और उसी दिन अचल संपत्तियों का क्रय किया। संबंधित काल में क्रय मूल्यों का स्थिर रहना माना जा सकता है। आपको निम्नलिखित वित्तीय जानकारी उपलब्ध है :

**आय विवरण**

| विवरण | 2021-22 (₹) | | 2022-23 (₹) | |
|---|---|---|---|---|
| नकद बिक्री | 30,000 | | 32,000 | |
| उधार बिक्री | 2,70,000 | 3,00,000 | 3,42,000 | 3,74,000 |
| घटाया : बिके माल की लागत | | 2,36,000 | | 2,98,000 |
| सकल लाभ | | 64,000 | | 76,000 |
| घटाया : परिचालन खर्चे : | | | | |
| (i) भंडारण | 13,000 | | 14,000 | |
| (ii) परिवहन | 6,000 | | 10,000 | |
| (iii) प्रशासकीय | 19,000 | | 19,000 | |
| (iv) बिक्री | 11,000 | 49,000 | 14,000 | 57,000 |
| शुद्ध लाभ | | 15,000 | | 19,000 |

**तुलन पत्र**

| संपत्ति एवं देयताएं | 2021-22(₹) | | 2022-23(₹) | |
|---|---|---|---|---|
| अचल संपत्ति (नेट ब्लॉक) | – | 30,000 | – | 40,000 |
| प्राप्तियां | 50,000 | | 82,000 | |
| बैंक में नकदी | 10,000 | | 7,000 | |
| स्टॉक | 60,000 | | 94,000 | |
| कुल चालू संपत्ति | 1,20,000 | | 1,83,000 | |
| देयताऐं | 50,000 | | 76,000 | |
| कुल चालू देयता (सी एल) | 50,000 | | 76,000 | |
| कुल कार्यशील पूंजी(सी ए - सी एल) | | 70,000 | | 1,07,000 |
| निबल संपत्ति | | 1,00,000 | | 1,47,000 |
| प्रतिनिधित्व की गई : | | | | |
| (i) शेयर पूंजी | | 75,000 | | 75,000 |
| (ii) आरक्षित और अधिशेष | | 25,000 | | 42,000 |
| (iii) डिबेंचर | | – | | 30,000 |
| | | 1,00,000 | | 1,47,000 |

वर्ष 2021-22 और 2022-23 के लिये आप को निम्नलिखित अनुपातों का आकलन करना है :

(i) सकल लाभ अनुपात

(ii) परिचालन व्यय से विक्रय अनुपात

(iii) परिचालन लाभ अनुपात

(iv) पूंजी टर्नओवर अनुपात

(v) स्टॉक टर्नओवर अनुपात

(vi) शुद्ध लाभ से शुद्ध मूल्य अनुपात

(vii) प्राप्ति संग्रहण अवधि

नियुक्त पूंजी से संबंधित अनुपात वर्ष के अंत पर पूंजी पर आधारित होने चाहिये। दोनों वर्षों के अनुपातों के अंतर के कारण बताइये। वर्ष 2021-22 के लिये आरंभिक स्टॉक को ₹10,000 मानिये। कराधान पर ध्यान न दें।

Directors of ABC Ltd. wish to diversify. Presently, ABC Ltd. is into selling finished goods from its own godown. ABC Ltd. issued debentures on 07.04.2022 and purchased fixed assets on the very same day. The purchase prices are assumed to have remained stable during the concerned period. Following financial information is available to you.

INCOME STATEMENT

| *Particulars* | 2021-22 (₹) | | 2022-23 (₹) | |
|---|---|---|---|---|
| Cash sales | 30,000 | | 32,000 | |
| Credit sales | 2,70,000 | 3,00,000 | 3,42,000 | 3,74,000 |
| Less : Cost of goods sold | | 2,36,000 | | 2,98,000 |
| Gross profit | | 64,000 | | 76,000 |
| Less : Operating expenses : | | | | |
| (i) Warehousing | 13,000 | | 14,000 | |
| (ii) Transport | 6,000 | | 10,000 | |
| (iii) Administrative | 19,000 | | 19,000 | |
| (iv) Selling | 11,000 | 49,000 | 14,000 | 57,000 |
| Net profit | | 15,000 | | 19,000 |

BALANCE SHEET

| *Assets & Liabilities* | 2021-22(₹) | | 2022-23(₹) | |
|---|---|---|---|---|
| Fixed Asset (Net Block) | – | 30,000 | – | 40,000 |
| Receivables | 50,000 | | 82,000 | |
| Cash at Bank | 10,000 | | 7,000 | |
| Stock | 60,000 | | 94,000 | |
| Total Current Assets (CA) | 1,20,000 | | 1,83,000 | |
| Payables | 50,000 | | 76,000 | |
| Total Current Liabilities (CL) | 50,000 | | 76,000 | |
| Working Capital (CA – CL) | | 70,000 | | 1,07,000 |
| Net Assets | | 1,00,000 | | 1,47,000 |
| Represented by : | | | | |
| (i) Share capital | | 75,000 | | 75,000 |
| (ii) Reserve and Surplus | | 25,000 | | 42,000 |
| (iii) Debentures | | – | | 30,000 |
| | | 1,00,000 | | 1,47,000 |

You are required to calculate the following ratios for the years 2021-22 and 2022-23 :

(i) Gross Profit Ratio

(ii) Operating expenses to sales ratio

(iii) Operating profit ratio

(iv) Capital turnover ratio

(v) Stock turnover ratio

(vi) Net profit to Net worth ratio

(vii) Receivables collection period

Ratio relating to capital employed should be based on the capital at the end of the year. Give the reasons for change in the ratios for two years. Assume opening stock of ₹10,000 for the year 2021-22. Ignore taxation. 25

**8.**(b) (i) पट्टे, उत्तोलन खरीद और किराया खरीद के बीच आप किस प्रकार चयन करेंगे ?

(ii) किन परिस्थितियों में बिक्री और पट्टा वापसी एक बेहतर विकल्प है ?

(i) How would you choose among leasing, leveraged buying and hire-purchase ? 6

(ii) Under what conditions 'sale and lease back' is a preferable option ? 4

**8.**(c) "विपणन सरणियों के प्रबन्धन के समय सरणी संघर्षों के मुद्दे बहुधा उत्पन्न होते हैं।" इस कथन के आलोक में, सरणी संघर्ष के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए। सरणी संघर्ष के प्रबन्धन हेतु क्रियाविधियों का सुझाव दीजिए।

"While managing Marketing Channels issues of Channel Conflicts often occur." In light of this statement, elucidate the types of Channel Conflict. Suggest the mechanisms to manage Channel Conflict. 15